**GOVT. OF BIHAR**

# BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

**IAS Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

***Tel.* : 0612 - 2225387**
***Fax* : 0612 - 2225387**

***Ref. No.*–** 1840/2019 ***Dated* :** 29.10.2019

**प्रेषक :** **अनिल कुमार सिन्हा**
**विशेष कार्य पदाधिकारी ।**

**सेवा में,**

**निदेशक,**
**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,**
**बिहार, पटना ।**

**विषयः** **जे.पी. इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नॉलौजी, बिहार शरीफ, नालन्दा का संबंधन विस्तार एवं नामांकन प्रक्रिया जारी करने के सम्बन्ध में ।**

**प्रसंग :** **विभागीय पत्रांक- वि.प्र.( VI) कोर्ट-04/2019/3597 दिनांक 23.10.2019 ।**

महाशय,

उपरोक्त प्रसंगित विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि उक्त पत्र द्वारा विभाग ने जे.पी. इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नॉलौजी, नालन्दा का संबंधन विस्तार की सूचना देते हुए इसमें नामांकन हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस सम्बन्ध में सूचित करना है कि डी.सी.ई.सी.ई.-2019 के मेधासूची के आधार पर पॉलिटेकनिक संस्थानों में नामांकन हेतु तीन चक्र कॉउन्सेलिंग दिनांक 16.09. 2019 तक सम्पन्न किया जा चुका है। साथ ही इसके बाद निजी पॉलिटेकनिक संस्थानों के रिक्त सीटों को भरने हेतु डी.सी.ई.सी.ई.-2019 की पूर्ण मेधासूची से नामांकित अभ्यर्थियों को हटाकर शेष मेधासूची पूर्ण विवरणी के साथ निजी संस्थानों को उपलब्ध कराया जा चुका है। ऐसी स्थिति में अब और अन्य कॉउन्सेलिंग नहीं कराया जा सकता है। जे.पी. इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नॉलौजी, नालन्दा को भी अन्य निजी संस्थानों को, जो मेधासूची दी गयी है उसकी प्रति दी जा सकती है।

अनुरोध है कि जे.पी. इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नॉलौजी, बिहार शरीफ, नालन्दा को उपरोक्त सूचना देने की कृपा की जाय कि वे अन्य निजी संस्थानों को पॉलिटेकनिक पाठ्यक्रमों की सीटों पर नामांकन हेतु सौंपी गयी मेधासूची की प्रति पर्षद से प्राप्त कर लें ।

**विश्वासभाजन,**

ह०/-
**( अनिल कुमार सिन्हा )**
**विशेष कार्य पदाधिकारी ।**

**ज्ञापांक-** 1840/2019 **दिनांक-** 29.10.2019

**प्रतिलिपि :** प्राचार्य, जे.पी. इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नॉलौजी, वियावानी, बिहार शरीफ, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

उनसे अनुरोध है कि वे डी.सी.ई.सी.ई.-2019 का जो मेधासूची अन्य निजी संस्थानों को सौंपी गयी है, उसकी Soft copy पर्षद से प्राप्त कर नामांकन की कार्रवाई करें ।

29.10.19

**विशेष कार्य पदाधिकारी ।**

rnb\AC\C:\pm5\2017_dce.pm5\94